तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 15 फरवरी 2026

12 नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ...



13 तुलार गुफा में महाशिवरात्रि पर जाग उठता है तुलार ...





## खबर संक्षेप



### पेंटर जन कल्याण समिति के अध्यक्ष बने रोहित

**जगदलपुर।** पेंटर जन कल्याण समिति ने शुक्रवार को छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी भवन में चुनाव संबंधी बैठक की। जिसमें दीपक गुप्ता को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एकमत से रोहित नेताम को अध्यक्ष मनोनीत किया। सचिव मोहन कश्यप, संरक्षक तुला राम बघेल, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य कामेश कचलाम को चुना गया।

### शासकीय विद्यालयों और छात्रावासों की स्थिति चिंताजनक

**गीदम।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गीदम के मीडिया प्रभारी ऋषभ सुराना ने कहा कि पूरा बस्तर संभाग आज शिक्षा व्यवस्था की



बदहाली से जूझ रहा है। गीदम ब्लॉक के शासकीय विद्यालयों एवं छात्रावासों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। जमीनी स्तर पर लगातार मिल रही शिकायतों से स्पष्ट है कि शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है। कई स्कूलों में एक ही शिक्षक कई कक्षाओं को संभालने को मजबूर है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। पर्याप्त कक्षा-कक्ष उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण एक ही कमरे में कई कक्षाओं के छात्रों को बैठाकर पढ़ाया जा रहा है।

### नक्सलियों के 5 अवैध स्मारक किए ध्वस्त

**बीजापुर।** जिले में चलाए जा रहे प्रभावी नक्सल विरोधी अभियान के तहत 14 फरवरी को सुरक्षा बलों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में माओवादियों के पूर्व में निर्मित 5 अवैध स्मारकों को ध्वस्त कर दिया है। इस कार्रवाई को नक्सल संगठन के प्रचार तंत्र और मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर बड़ा झटका माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना तर्रेम क्षेत्र के मंडीमरका जंगल में केरिपु 168 एवं 153 वाहिनी की संयुक्त टीम ने ध्वस्त कर दिया। इसी प्रकार थाना उसूर क्षेत्रांतर्गत मारूड़बाका जंगलों में केरिपु 229 वाहिनी एवं कोबरा 204 की संयुक्त टीम ने दो अवैध स्मारकों को नष्ट किया। वहीं पाउरगुड़ा एवं सिंगनपल्ली के जंगल क्षेत्र में केरिपु 229 वाहिनी की कार्रवाई के दौरान दो अन्य अवैध माओवादी स्मारकों को ध्वस्त किया गया। अधिकारियों के अनुसार इस कार्रवाई से क्षेत्र में शांति व्यवस्था को मजबूत करने और नक्सली प्रभाव को कमजोर करने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

# अनुशासन, नियमित पठन-पाठन एवं शिक्षा गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया वनांचल क्षेत्र के स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा

जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार मंडावी ने विकासखंड कोंटा अंतर्गत आने वाले वनांचल क्षेत्रों के विभिन्न शालाओं एवं संकुल केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। भेज्जी हाई स्कूल प्राथमिक शाला संकुल केंद्र, प्राथमिक शाला बोदराजपदार, प्राथमिक शाला वांकापारा, गच्चनपल्ली, संकुल केंद्र बुर्कालंका, प्राथमिक शाला डब्बाकोंटा, प्राथमिक शाला कोलाईगुड़ा, प्राथमिक शाला एलाड़मड़गु संकुल केंद्र डब्बाकोंटा, प्राथमिक शाला गोरखा, माध्यमिक शाला गोरखा तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कोंटा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षाओं में पहुँचकर विद्यार्थियों से संवाद किया एवं उनके शैक्षणिक स्तर का आंकलन किया। गणित, हिंदी एवं अंग्रेजी विषयों में आधारभूत दक्षताओं की जांच की गई। साथ ही विद्यालयों की उपस्थिति पंजी, नामांकन स्थिति, मध्यान्ह भोजन योजना, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की स्थिति का अवलोकन किया गया।

### सुधार के दिए निर्देश

जिन विद्यालयों में कमियां पाई गईं, वहां सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए तथा समयबद्ध प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कोंटा में आधुनिक सुविधाओं, स्मार्ट कक्षाओं एवं शिक्षण पद्धति का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों को उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### समग्र विकास पर देंगे ध्यान

डीईओ ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में अनुशासन, नियमित पठन-पाठन एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस आकस्मिक निरीक्षण से शैक्षणिक गतिविधियों में और अधिक सक्रियता तथा गुणवत्ता सुधार की अपेक्षा व्यक्त की जा रही है।

## श्मशान घाट पहुंचे लोगों का ग्रामीणों ने किया विरोध

# पूवर्ती में हिड़मा के अंतिम संस्कार स्थल पर पहुंचे आंध्र और तेलगांना के 70 लोगों को पुलिस ने लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- सुकमा लाकर सभी से देर रात तक पूछताछ के बाद सुबह छोड़ा गया

नक्सली कमाण्डर माड़वी हिड़मा व उसकी पत्नी रोजे के शव का पूवर्ती के जिस श्मशानघाट में अंतिम संस्कार किया गया था। इसी श्मशान में शुक्रवार को आंध्र व तेलगांना से पहुंचे लगभग 75 लोगों को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। बाहरी लोगों के गांव में दखल से नाराज ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद सभी को हिरासत में ले लिया गया। बताया जा रहा है कि सुकमा जिले के पूवर्ती गांव में उस समय हलचल मच गई जब तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से आए लगभग 75 से कथित माओवादी समर्थक शमशान घाट पहुंच गए। यह लोग नक्सली कमांडर हिड़मा और उसकी पत्नी राजे के चिता स्थल पर क्रियाकर्म करने पहुंचे थे। और वहां कुछ धार्मिक गतिविधियां कर रहे थे। ग्रामीणों ने बाहरी लोगों की इस गतिविधि पर कड़ी आपत्ति जताते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। शिकायत मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर पूवर्ती से सुकमा ले गई। देर रात तक चली पूछताछ के बाद पुलिस ने सभी को सुबह रिहा कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार का तनाव रोकने के लिए यह एहतियातन कार्रवाई की गई थी।







### बाहरी हस्तक्षेप की जरूरत नहीं: ग्रामीण

इस दौरान गांव के लोगों ने बाहरी व्यक्तियों के आने पर नाराजगी भी जताई। ग्रामीणों का कहना था कि गांव के मामलों में बाहरी हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है और भविष्य में इस तरह की गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी भी दी गई। स्थानीय स्तर पर विरोध के चलते हिड़मा के नाम पर माहौल बनाने की कोशिश कर रहे लोगों को प्रतिरोध का सामना करना पड़ा।

# रेलवे जीएम को ग्रामीणों ने घेरा

## कहा- यहां कचरा नहीं, जीवन बसता है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- स्कूल-हॉस्टल के बीच डम्पिंग साइट का विरोध

भुवनेश्वर रेल जोन के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल के नकटी सेमरा रेलवे स्टेशन के पास प्रस्तावित डम्पिंग साइट के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। आड़ावाल एवं नकटी सेमरा पंचायत के सरपंच-उपसरपंच, जनपद सदस्य और भाजपा नगरनार मंडल पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से मांगपत्र सौंपते हुए स्पष्ट कहा कि यह निर्णय सीधे बच्चों और आम नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ है। ग्रामीणों ने बताया कि स्टेशन के समीप ही बड़े पैमाने पर बच्चों का स्कूल, छात्रावास, प्रशिक्षण केंद्र, पुनर्वास आवास तथा मूक-बधिर एवं दिव्यांग बच्चों का आवासीय परिसर संचालित है। इसके अलावा परिवहन कार्यालय, रोजगार कार्यालय और पंचायत भवन जैसे महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान भी यहीं स्थित हैं। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में डम्पिंग साइट बनाना गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकता है।

ग्रामीणों ने कहा कि आड़ावाल-नकटी सेमरा क्षेत्र से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 63 गुजरता है और नगरनार स्टील प्लांट के कारण पहले ही भारी ट्रकों-ट्रेलरों का दबाव बना रहता है। यदि डम्पिंग साइट बनी तो भारी वाहनों की आवाजाही कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका और सड़क क्षति तय है। धूल-मिट्टी ▶▶ शेष पेज 12 पर

### मांग पत्र की प्रमुख बातें

डम्पिंग साइट हटाओ गांव बचाओ स्कूल, हॉस्टल व दिव्यांग बच्चों के संस्थानों के पास डम्पिंग साइट अस्वीकार, एनएच-63 पर भारी ट्रैफिक से दुर्घटना जोखिम कई गुना बढ़ेगा, धूल-प्रदूषण से बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा, गांव की सड़कों के टूटने और जल-मिट्टी प्रदूषण की आशंका, वैकल्पिक सुरक्षित स्थान पर डम्पिंग साइट स्थानांतरित करने की मांग शामिल हैं।

# 6.341 किलो गांजा बरामद आरोपी भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

पुलिस ने एक व्यक्ति से 6 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बस्तर थाना पुलिस को शुक्रवार को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बैग में गांजा रखकर भोण्ड चौक तिरहा एनएच 30 यात्री प्रतिक्षालय में बैठा है। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार धोत्रे के नेतृत्व में थाना से टीम बनाकर घटना स्थल के पास रवाना किया गया। जहां अजय कुमार साहनी 28 वर्ष निवासी ग्राम पतहरा विशुनपुरा थाना यादवपुर जिला गोपालगंज बिहार हाल मुकाम ग्राम बोरगांव थाना कोसागुमड़ा जिला नवरंगपुर उड़ीसा के कब्जे के पैकेट मिला। जिसमें 6.341 कि.ग्रा. गांजा अनुमानित कीमत 3,10,000 बरामद कर जप्ती कर धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपी को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना बस्तर के निरीक्षक सुरेश कुमार जांगड़े, उप निरीक्षक अरूण कुमार सिन्हा, सउनि चतुर राम बघेल, संजय कुमार नंद, प्रधान आरक्षक ओंकार नाथ पात्र, दानू राम ठाकुर, चोवादास गेंदले, आरक्षक अमर कश्यप, सूर्यकांत मरावी, अस्तु कश्यप तथा सैनिक जलंधर बघेल का विशेष योगदान रहा।



## कार में मिली एसडीओ की लाश

**जगदलपुर।** मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन के नियानार कार्यालय में पदस्थ एसडीओ शोभाराम देहारी का शव शनिवार सुबह उनके ही कार में पाया गया। देर रात तक कार वहीं खड़ी रही सुबह कुछ लोगों ने कार में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बोधघाट पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल भेजा। बताया जा रहा है कि इंजीनियर बीती रात शराब सेवन की हालत में किसी से फोन पर तेज आवाज में बात कर रहा था। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मौत का कारण हृदयाघात माना जा रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। कार में युवक का शव मिलने की खबर के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंची। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक को बीती रात करीब 12 बजे तक ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 08 बीबी 0372 के अंदर शराब पीते हुए देखा गया था। बताया जा रहा है कि मृतक शोभाराम देहारी वृन्दावन कॉलोनी में निवासरत थे। वे बालोद जिले के निवासी बताए जा रहे है। टीआई राठौर ने बताया कि शाम को शव पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।



# एनएच 30 में हादसा, तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/भानपुरी

भानपुरी थाना क्षेत्र स्थित एनएच 30 में बीती रात हुए जबरदस्त सड़क हादसे में कार सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार के परखच्चे उड़ गए।

जानकारी के मुताबिक हादसा शुक्रवार रात लगभग 8 बजे पेट्रोल पम्प के करीब हुआ। रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 17 केजेड 1747 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए जगदलपुर से कोण्डागांव की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 05 एआर 2826 को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए वहीं ट्रक भी लगभग आधा किमी दूर खेत में उतर गई। हादसे में कार चालक बालोद जिले के ग्राम चंदनविरोही पुरूर निवासी हुलास कुमार साहू 38 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।





### मामला दर्ज, कार्रवाई जारी

मृतक हुलास कुमार एयरटेल व डीटीएच फाईबर कम्पनी का इंजार्च था जो जगदलपुर में स्थानीय दुकानदारों से मिलकर वापस बालोद की ओर जा रहा था तभी हादसा हो गया। भानपुरी टीआई हर्ष कुमार धुरधंर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर कार में फंसे युवक को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मामले में अपराध दर्ज कर ट्रक को जब्त आगे की कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद एनएच में वाहनों की कतार लग गई थी जिसके बाद क्षतिग्रस्त कार को हटाकर आवागमन बहाल किया गया। टीआई भानपुरी हर्ष कुमार धुरधंर ने बताया कि घटना के बाद शव को पीएम के लिए मरच्यूरी भेजा गया था। वहीं शनिवार को शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भावुक माहौल में 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

# मिस्टर हैंडसम भरत और शिवम, मिस ब्यूटीफुल डालेन्द्री और मिनल को खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस करीतगांव में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद पूरे आयोजन में भावुकता और उत्साह का माहौल बना रहा।

जूनियर छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर साथियों के सम्मान में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे समारोह यादगार बन गया। कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएँ आयोजित कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। इसमें मिस्टर हैंडसम का खिताब भरत कुमार और शिवम जोशी को तथा मिस ब्यूटीफुल का खिताब कुमारी डालेन्द्री और कुमारी मिनल आचार्य को प्रदान किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केवल तीन घंटे की होती है, परंतु उसकी तैयारी पूरे वर्ष की मेहनत पर आधारित होती है। विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, कार्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मार्गदर्शन देने वालों में लुप्तेश्वर आचार्य, मो अकबर खान, राजेन्द्र कलिहारी, अब्दुल मोईन खान तथा कल्पना राय शामिल रहे, मंच संचालन तुषिता कश्यप ने किया।



### शिक्षा के साथ संस्कार की सीख

*विदाई समारोह केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा की झलक भी दिखाई दी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि विद्यालय में बिताया गया समय केवल पाठ्यपुस्तक ज्ञान तक सीमित नहीं होता, बल्कि यही वह दौर है जो व्यक्तित्व निर्माण करता है। अनुशासन, सम्मान और कृतज्ञता जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। विद्यार्थियों से अपेक्षा की गई कि वे आगे की पढ़ाई में सफलता प्राप्त कर अपने विद्यालय, परिवार और समाज का नाम रोशन करें तथा जीवन के हर चरण में अपने गुरुओं के मार्गदर्शन को याद रखें।*



खबर संक्षेप



## पीएम आवास योजना से धनसिंह के पक्के घर का सपना हुआ साकार

**फरसगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 8 के निवासी धनसिंह हिडको के पक्के मकान सपना पूरा हुआ। उन्होंने बताया कि वर्षों तक अपने परिवार के साथ एक कच्चे मकान में निवास करता था। हर मौसम अपने साथ नई परेशानी लेकर आता था। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता था, कच्ची दीवारों से नमी रिसती थी और हर साल छत की मरम्मत में मेहनत और पैसा दोनों लगते थे। ऐसे हालात में परिवार की सुरक्षा और बच्चों का भविष्य चिंता का विषय बना रहता था। उन्होंने बताया कि मेरी पत्नी की हमेशा यह इच्छा थी कि हमारा भी एक पक्का घर हो, जहाँ हम सुरक्षित और सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। लेकिन एक सामान्य किसान के लिए पक्का मकान बनवाना केवल एक सपना ही था। तभी वार्ड में मुनादी और शिविर के माध्यम से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली, जिसके तहत शासन द्वारा पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। धनसिंह ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया और सभी प्रक्रियाएँ पूरी कीं। जब स्वीकृति मिली तो उनकी पत्नी की आँखें खुशी से नम हो गईं। धीरे-धीरे निर्माण कार्य शुरू हुआ और कुछ ही समय में उनके सपनों का पक्का घर तैयार हो गया। अब उनका परिवार सुरक्षित वातावरण में रह रहा है, जहाँ बारिश और मौसम की मार का भय नहीं है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों और विद्यार्थियों को बांटी गई उपयोगी सामग्री

## 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने पालेम में किया सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नागरिकों से विश्वास और सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से 188वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा ग्राम पंचायत पालेम जिला सुकमा में 14 फरवरी को सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कमांडेंट भवेश चौधरी के निर्देशानुसार तथा द्वितीय कमान अधिकारी अभिज्ञान कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पालेम, डोकरीपारा, जगमुण्डा, साडरापाल, मारापारा, कासनपाल एवं छोटे लेखापाल गांवों के ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र–छात्राओं को स्कूल बैग एवं लेखन सामग्री, महिलाओं व ग्रामीणों को साड़ी एवं एलईडी बल्ब, वहीं युवाओं को खेलकूद सामग्री जैसे क्रिकेट किट, कैरम बोर्ड, वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट एवं फुटबॉल का वितरण किया गया। द्वितीय कमान अधिकारी श्री कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के जवान क्षेत्रवासियों की सुरक्षा के साथ–साथ उनके सामाजिक विकास के लिए भी सदैव तत्पर हैं। उन्होंने युवाओं को बल में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया और शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, गांव को स्वच्छ रखने तथा नशामुक्त जीवन अपनाने की सलाह दी गई।



### ग्रामीणों ने जताया आभार

कार्यक्रम में वाहिनी 188 समवाय के अधिकारी, जवान, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत ग्रामीणों के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की गई। पालेम पंचायत सरपंच, वरिष्ठ ग्रामीणों तथा शिक्षकों ने इस जनहितकारी पहल के लिए सीआरपीएफ का आभार व्यक्त किया।

## मारकण्डेय मुनि की तपोभूमि में श्रद्धालुओं के लिए भव्य आयोजन आज

# केशकाल के प्राचीन शिवधाम में महाशिवरात्रि महोत्सव

भजन-कीर्तन मानस गान और भंडारे का कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल/धनोरा

मारकण्डेय मुनि की तपो भूमि गोबरहीन जो केशकाल से 2 किमी बटराली जहाँ से 3 किमी के भीतर वह बड़े शिव लिंग का मंदिर जो कभी मारकंडेय मुनि की तपस्या स्थली रही और किवदन्ति मुनि और भोलेनाथ मे लगी शर्त के अनुसार हीं शिवलिंग का विस्तार हुआ और मुनि राज के दोनों भुजाओं मे बड़ी मुश्किल से प्रयास बाद समाये। तब से अमकंटक के छोटे हाथी से पार होने की भाग्य शाली और नहीं होने पर पाप्तामा की तरह नलवंशी-नागवंशी काल के अतिप्राचीन शिवधामों सहित क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में भगवान शिव के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जब आती है तो सभी भक्त भोलेनाथ को अपने बाहों मे भरने की कोशीश करते है।

ब्रह्ममुहूर्त से लेकर सूर्यास्त तक शिवभक्त दर्शन, भजन कीर्तन, मानस गान व भंडारे का आयोजन 15 फरवरी रविवार को रखा गया है। इसी क्रम मे गढ़धनौरा गोबरहीन,के अलावा निराछिंदली नारना, बड़े खौली, बड़े ओड़ागांव, भोंगापाल, पावड़ा, गारका सहित कई स्थानों पर मेले का माहौल रहेगा। केशकाल से लगभग 5 किमी दूर स्थित इस प्राचीन स्थल पर महाशिवरात्रि के दिन विशाल मेला लगता है। 5 वीं-6 वीं शताब्दी के पुरावशेषों के बीच स्थित शिवलिंग को श्रद्धालु चमत्कारी और वरदानी मानते हैं। यहां प्राचीन मंदिर अवशेष कुल 11 की संख्या मे है। बड़े शिव लिंग दर्शन बाद यादव समाज का कृष्ण मंदिर फिर नाला पर पुल बना और उन 11मंदिर मे से एक मे शिव लिंग तो बड़े मंदिर मे विष्णु जी की कहते है कि विशाल पाषाण प्रतिमा सोने की थी .. चोर ने जब उस मूर्ति को उठा पाने मे असमर्थ हुए तो सोने के हाथ को काट दिये। जिसका प्रमाण आज भी आगे गाँव मे पंचायत भवन मे वह मूर्ति है और 'जोड़ा लिंग' शिव-शक्ति के संयुक्त स्वरूप के रूप में पिपरा बहिगाँव की तरह प्रसिद्ध हैं। बड़े खौली में शिवरात्रि के साथ वार्षिक ग्राम मेला भी लगता है। बस्तर पुरातत्व समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह नाग व सचिव लोकेश गायकवाड़ ने 1990 से प्रारम्भ हुए 36 वर्षो से लगातार चल रहे मेले को महाशिवरात्रि महोत्सव का स्वरूप देने माननीय मुख्यमंत्री, पर्यटन मंत्री, सांसद व विधायक नीलकंठ टेकाम जी से मांग की है।



## 188वीं बटालियन सीआरपीएफ ने पुलवामा शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

वर्ष 2019 में हुए पुलवामा आतंकी हमले में शहीद 40 जवानों की स्मृति में शनिवार को चिकलपुटी स्थित 188वीं बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा शहीद स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहीद जवानों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बटालियन कमांडेंट भवेश चौधरी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर जवानों को नमन किया। इसके पश्चात शहीदों को सलामी दी गई। नक्सलवाद एवं आतंकवाद मुक्त भारत का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर कमांडेंट श्री चौधरी ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में भी सीआरपीएफ के 460 से अधिक अधिकारी एवं जवान देश की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सदैव इन वीर शहीदों के बलिदान को स्मरण रखेगा और उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

### स्कूली बच्चों सहित जवानों ने दी श्रद्धांजलि

शहीद स्मृति कार्यक्रम में सीआरपीएफ के अधिकारी एवं जवानों के साथ स्थानीय स्कूली बच्चों ने भी सहभागिता कर वीर जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति और श्रद्धा का भावपूर्ण वातावरण बना रहा।

## हायर सेकेंडरी स्कूल हरवेल में दी कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरवेल में 12 फरवरी को कक्षा 12वीं के छात्र–छात्राओं के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कक्षा 9वीं से 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा स्कूल परिसर में किया गया। समारोह की शुरुआत प्राचार्य शंभू राम सूर्यवंशी एवं वरिष्ठ व्याख्याताओं द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का पुष्प, गुलाल और बैच लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय से ऋतु, अभिषेक, साधना, दिव्या, सुग्रीव एवं सुजल तथा कला संकाय से चंद्रिका व मनीष ने विद्यालय में बिताए अपने यादगार अनुभव साझा किए। उन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के वातावरण को अपने जीवन की मजबूत नींव बताया। इस अवसर पर प्राचार्य शंभू राम सूर्यवंशी सहित वरिष्ठ व्याख्याता जयराम मरकाम, रामसाय नाग, भागबती भेड़िया, दयाबती नेताम, गजेन्द्र कुमार गंगबेर, पुनेश कुमार वर्मा, गुलशन मरकाम, लोकेश्वर दास बारले एवं अजय देशमुख ने छात्र–छात्रओं को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

■ अनुजों ने अग्रजों को पुष्प गुलाल और शुभकामनाओं से किया सम्मानित

### मनोरंजक खेलों से बढ़ा उत्साह

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कई मनोरंजक खेल आयोजित किए गए, जिनमें साड़ी पहनना, आंखों पर पट्टी बांधकर कप सेट करना एवं बाल्टी में गेंद डालना जैसे खेल शामिल थे। इन खेलों में विद्यार्थियों ने खूब आनंद लिया। समारोह के अंतिम चरण में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा अपने अनुजों को दीपदान किया गया, जिससे वे विद्यालय की अनुशासन, प्रतिष्ठा और जिम्मेदारियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। अंत में विद्यार्थियों ने विद्यालय को स्मृति–चिह्न भेंट किए और शिक्षकों व साथियों के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाकर कार्यक्रम को भावुक विदाई दी।

**सफल संचालन और उपस्थिति :** विदाई समारोह का सुंदर संचालन कक्षा 11वीं की छात्रएं ललिता, संतीला एवं रितिमा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक, छात्र–छात्रएं एवं भृत्य चंदू मरकाम, जितेंद्र बोध और सरिता मरकाम उपस्थित रहे।

## देश की विविध संस्कृति में एकता का दिया गया संदेश




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना रासेयो इकाई द्वारा ग्राम केरावाही में 8 फरवरी से 14 फरवरी तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के छठवें दिन शुक्रवार 13 फरवरी को एक भव्य सांस्कृतिक रैली का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक रैली में रासेयो स्वयंसेवक छात्रों ने देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर नृत्य, संगीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। रैली का मुख्य उद्देश्य विभिन्न धर्मों जातियों एवं संस्कृतियों के बीच आपसी समरसता और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना रहा। यह कार्यक्रम शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सजीवन कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कोण्डागांव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष ने किया मार्गदर्शन

रैली में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरला आत्रम उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला संगठक आर. के. जैन ने की। विशेष रूप से जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे, कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई, डॉ. अलका शुक्ला, जिला सलाहकार हनी चोपड़ा सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, ग्रामीणजन एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक उपस्थित रहे। जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक रैलियां युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करती हैं। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, नशामुक्ति अभियान, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता जैसे अनेक सामाजिक कार्य भी किए गए। सांस्कृतिक रैली में ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता से पूरे ग्राम केरावाही में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला।

## आश्रम- छात्रावासों में कक्ष साज–सज्जा प्रतियोगिता का अवलोकन, छात्राओं की रचनात्मकता ने जीता दिल

15 फरवरी तक चलेगा अवलोकन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के अंतर्गत संचालित समस्त आश्रम एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 12 फरवरी 2026 से 15 फरवरी तक कक्ष साज–सज्जा प्रतियोगिता का अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके लिए निर्णायक दल का गठन कर विभिन्न छात्रवासों में निरीक्षण किया गया।

प्री–मैट्रिक कन्या छात्रवास कोंडागांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डी.एन.के. वार्ड की पार्षद सुश्री सुषमा खोबरागड़े उपस्थित रहीं। इस अवसर पर छात्राओं के पालक, निगरानी समिति के सदस्य एवं अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती साबरती मंडावी के कुशल संचालन एवं मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में स्वच्छता की आदत, टीमवर्क और रचनात्मक सोच विकसित करना रहा।





### इन कक्षों ने हासिल किया शीर्ष स्थान

निर्णायक दल द्वारा साज–सज्जा, स्वच्छता, रचनात्मकता और अनुशासन के आधार पर मूल्यांकन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान महारानी लक्ष्मी बाई कक्ष, द्वितीय स्थान कल्पना चावला कक्ष, तृतीय स्थान मीरा बाई कक्ष को प्रदान किया गया। विजेता छात्रओं को उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने छात्राओं की मेहनत और सृजनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ–साथ उन्हें स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

जिले में लगातार दसवीं बार भव्य रूप से किए गए विभिन्न कार्यक्रम

# बंजारा समाज ने धूमधाम से मनाई संतश्री सेवालाल की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव/कोंडागांव

कोण्डागांव जिला में भव्य रूप से संतश्री सेवालाल महाराज जी की 287वीं जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय कोंडागांव के चौपाटी मैदान में बंजारा समाज के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात समाज की महिलाओ द्वारा कलश और पुरुष बच्चों युवाओ के द्वारा हाथों में झंडी लिए भव्य रूप में विशाल शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग से नगर भ्रमण करते हुए सेवालाल चौक में एकत्रित होकर सामजिक रीतिरिवाज से सेवालाल महाराज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कढ़ाव प्रसाद के रूप में भोग अर्पण किया गया जिसे प्रसाद के रूप के समाज के लोगो को बाटा गया। ततपश्चात पुनः कलश शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल चौपाटी मैदान पहुंची साथ ही कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि महेश कश्यप सांसद बस्तर, विशिष्ठ अतिथि सुश्री लतासेंडी विधायक कोंडागांव, नरपति पटेल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद व अन्य जनप्रतिनिधि व बंजारा समाज सहित जिले के व अन्य जिले से आये समाज के पदाधिकारी वरिष्ठ लोगो का समाज के लोगो के द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात समाज प्रमुखों बंजारा महिला पुरुषो की उपस्थिथि में बंजारा समुदाय के धर्मगुरु संत श्री सेवालाल और मेरामा (जगदम्बा भवानी) की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तद्पश्चात समाज के जिला अध्यक्ष सुखिया राम चौहान के द्वारा बस्तर सांसद को नवीन बंजारा भवन के बाउंड्री वाल के लिए दस लाख की माँग की गई, विधायक लता उसेंडी को सामजिक भवन में सेड निर्माण के लिये 10 लाख रूपये की माँग की गई। कार्यकम के अंत में बंजारा समाज की संस्कृति को मंच पर प्रदर्शन और नन्हे मुन्हे बच्चों के द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, साथ ही कार्यक्रम के अंत मे कर्मचारियों व व्यवशायिक जनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बंजारा समाज के प्रदेश अध्यक्ष अजय नायक, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ललिता भारद्वाज विष्णु नायक, मोहन भारद्वाज, जीतेन्द्र सुराना, नामेश देवांगन, बंजारा समाज के कोण्डागांव जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



### बंजारा समाज की संस्कृति है विश्व प्रसिद्धः सांसद

कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप द्वारा उद्बोधन के दौरान कहा गया कि बंजारा समाज के कार्यक्रम में प्रधारने का मौका मिला साथ ही उन्होंने बंजारा समाज के संस्कृति की तारीफ़ करते हुए कहा बंजारा समाज की संस्कृति विश्व में प्रसिद्ध है। निरन्तर समाज में एकता के साथ चलने को कहा गया साथ ही समाज के बच्चों के शिक्षा स्तर को बताते हुए शिक्षा के महत्व को बताया गया, समाज का विकास शिक्षा के माध्यम से होता है इसलिए सभी को शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए शिक्षा के बिना समाज अधूरा है शिक्षा से ही समाज का विकास सम्भव है, समाज के द्वारा की गई मांग को उन्होंने सांसद निधि व नियमो में होगा तो जरूर पूरा करने की बात कही।

## प्रवासी विद्यार्थियों को प्रधानाध्यापिका ने कराया न्योता भोज



**कोण्डागांव।** जिले के शासकीय प्राथमिक शाला बेलोतीपारा मसोरा में पदस्थ प्रधानाध्यापिका श्रीमती हीना साहू ने बस्तरवासियों की मानवतावादी परंपरा और प्रवासी विद्यार्थियों के प्रति आत्मीय लगाव का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। अपने पुत्र चिरंजीव अभिषेक सोनबोईर के जन्मदिवस के अवसर पर उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय कोंडागांव में अध्ययनरत द्वारिका गुजरात से आए सभी प्रवासी विद्यार्थियों को स्वरुचिपूर्ण न्योता भोज दिया। इस आत्मीय आयोजन से प्रवासी विद्यार्थी अत्यंत प्रफुल्लित नजर आए। बच्चों ने इसे यादगार अनुभव बताया और बस्तर की अपनत्व भरी संस्कृति की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य बी.डी. चेलक ने कहा कि माइग्रेशन कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना, भारत की सांस्कृतिक एवं भाषाई विविधता की समझ विकसित करना। त्रिभाषा सूत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न संस्कृतियों से परिचित कराना है। प्रधानाध्यापिका हीना शिवचरण साहू की इस पहल की सराहना करते हुए प्राचार्य ने अन्य पालकों से भी ऐसे सहयोगात्मक प्रयासों के लिए आगे आने की अपील की, जिससे प्रवासी विद्यार्थियों को अपनापन और भावनात्मक संबल मिल सके।

### नवोदय परिवार का सराहनीय सहयोग

कार्यक्रम की सफलता में नवोदय परिवार कोंडागांवध्द्वारिका के प्राचार्य बी.डी. चेलक, प्राचार्य जितेन्द्र रचेता, हाउस मास्टर आकाश सेन गुप्ता, लाइब्रेरियन ए.के. मिश्र, पीटीआई समीर देवांगन, पीजीटी रूपेश कुमार, काउंसलर श्रीमती सविता साहू, टीम इंद्रधनुष के शिक्षक नीरज ठाकुर, हीरालाल चूरेन्द्र, रामानंद मंडावी, प्रेमलता ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

पेज 11 के शेष

### रेलवे जीएम को....

के गुबार से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ने की आशंका भी जताई गई। ग्रामीणों ने मांग रखी कि लोकहित और बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए डम्पिंग साइट को किसी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए और नकटी सेमरा-आड़ावाल क्षेत्र को इससे मुक्त रखा जाए। इस दौरान मांगपत्र सौंपने वालों में आड़ावाल की सरपंच जयंती कश्यप,उपसरपंच दिनेश जना, जनपद सदस्य श्रीति शर्मा,भाजपा नगरनार मंडल महामंत्री राजेश शर्मा, पदमनी, दुशासन नाग, वासुदेव बघेल, विकास सिकवार, सरस्वती नाग,रैनु बघेल, लक्ष्मण, नागार्जुन, सुकलाल सहित अन्य सम्मलित थे।

## खबर संक्षेप

### विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर के निर्देशानुसार जिले के समस्त विभागों एवं कार्यालयों में ई-ऑफिस के सुचारू क्रियान्वयन, संचालन एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया जाएगा। इस क्रम में आज जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष (तृतीय तल) में ई-ऑफिस प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शासकीय कार्यों को डिजिटल माध्यम से त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना है। इस प्रशिक्षण में जिले के नामांकित मास्टर प्रशिक्षक, नोडल अधिकारी एवं प्रत्येक कार्यालय के चिन्हांकित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण सत्र में ई-ऑफिस प्रणाली, स्पैरो -प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली, ई-मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली तथा आई-गॉट- ऑनलाइन प्रशिक्षण में के उपयोग, लॉग-इन प्रक्रिया, फाइल संचालन, कर्मचारी सेवाओं से जुड़े ऑनलाइन कार्य एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूल की जानकारी दी गई। साथ ही सभी से अनुरोध किया गया कि वे कार्यालयीन प्रणाली में डिजिटल शासन व्यवस्था को मजबूती देगें।

### नक्सल पीड़ित परिवारों को मिला सहारा

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवाद आत्मसमर्पण, पीड़ित, राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत पुनर्वास कार्ययोजना के तहत जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की अनुशंसा पर नक्सल पीड़ित परिवारों के सदस्यों को शासकीय सेवा में अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है। कार्यालय कलेक्टर आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग जिला बीजापुर के पत्र के आधार पर संबंधित अभ्यर्थियों को चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कुमारी गीता मुड़मा को भृत्य के पद पर तहसील कार्यालय बीजापुर में पदस्थ किया गया है। नरेन्द्र कुमार तामड़ी एवं कुरसम नागेश को भृत्य के पद पर तहसील कार्यालय भोपालपटनम में नियुक्ति दी गई है। आशा मोड़ियम को फर्राश के पद पर तहसील कार्यालय बीजापुर में पदस्थ किया गया है। समीर गर्ग को प्रोसेस सर्वर के पद पर तहसील कार्यालय बीजापुर तथा विनोद कुरसम को प्रोसेस सर्वर के पद पर तहसील कार्यालय भोपालपटनम में नियुक्त किया गया है। दिनेश कुमार वाचम एवं लेकाम अशोक को चौकीदार के पद पर जिला कार्यालय बीजापुर में तथा कोवासी लक्ष्मण को चौकीदार के पद पर तहसील कार्यालय बीजापुर में पदस्थ किया गया है। यह नियुक्तियाँ शासन की पुनर्वास नीति के तहत प्रभावित परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक संबल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं।

# भगवान लिंगेश्वर महादेव के नवीन देव विग्रहों की शोभा और कलश यात्रा से आलोकित हुआ शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

सायं 4 बजे श्रीराम मंदिर से प्रारंभ हुई भगवान लिंगेश्वर महादेव एवं भगवान शिव परिवार की नवीन देव विग्रहों का शोभायात्रा और मंगल कलश यात्रा ने नगर के कोने-

■ लौहनगरी किरंदुल में आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम पर्व मनाया गया

कोने में आस्था, ऊर्जा और उत्साह की नई चेतना का संचार कर दिया। यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा का निर्वाह नहीं, बल्कि सनातन संस्कारों की जीवंत अभिव्यक्ति था। पारंपरिक परिधान में सुसज्जित मातृशक्ति जब सुव्यवस्थित पंक्तियों में मंगल कलश धारण कर आगे बढ़ी, तो पूरा वातावरण भक्ति की मधुर लय से गूंज उठा। केसरिया और लाल चुनरियों की छटा, दीप्यमान मुखमंडल और अनुशासित कदमों ने दृश्य को दिव्यता से परिपूर्ण कर दिया।

धर्मध्वज लिए श्रद्धालु, ढोल-नगाड़ों की थाप, शंखध्वनि और जयघोष के साथ यात्रा को ऊर्जा प्रदान कर रहे थे। जय श्रीराम और हर-हर महादेव हर हर गंगे के उद्घोष से नगर की फिजा आध्यात्मिक स्पंदन से भर उठी। कालोनी के अधिकतर मार्ग के दोनों ओर नगर के धार्मिक , सामाजिक, प्रादेशिक, सांस्कृतिक, एवं सेवाभावी



संगठनों, समितियों, संस्थाओं के मुखिया, भाईयों, बहनों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान की रथ पर विराजमान भगवान लिंगेश्वर महादेव एवं भगवान नंदी की विशेष पूजा अर्चना, श्रीफल चढ़ाते हुए पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया, जिससे यह क्षण और भी अलौकिक प्रतीत हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई यह शोभायात्रा मंदिर परिसर पहुँची, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान लिंगेश्वर महादेव एवं अष्ट शिव परिवार का विधिपूर्वक पूजन संपन्न हुआ। उस समय उपस्थित जनसमूह के चेहरों पर श्रद्धा की चमक और हृदय में आत्मिक शांति का भाव स्पष्ट झलक रहा था।

### आयोजन समिति का आभार

समिति ने इस सफल आयोजन के लिए समस्त नगरवासियों, मातृशक्ति, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रादेशिक, सेवाभावी, संगठनों संस्थाओं समितियों, एनएमडीसी प्रबंधन, नगरपालिका , पुलिस प्रशासन,पत्रकार, व्यापारी, आदि सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

उनके सहयोग, अनुशासन और समर्पण ने इस आयोजन को ऐतिहासिक गरिमा प्रदान की। निश्चित ही यह भगवान लिंगेश्वर महादेव एवं भगवान शिव परिवार की नवीन देव विग्रहों का शोभायात्रा और भव्य मंगल कलश यात्रा आने वाले समय में भी किरंदुल की सामूहिक स्मृतियों में श्रद्धा और गौरव के प्रतीक के रूप में जीवित रहेगी। एक ऐसा आध्यात्मिक पर्व जिसने नगर की पहचान को नई आभा से आलोकित कर दिया।

### ग्रामीणों के सहयोग से पहुंच मार्गों की कराई जा रही मरम्मत

# तुलार गुफा में महाशिवरात्रि पर जाग उठता है तुलार बाबा का दरबार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बीजापुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक तुलार गुफा, जिसे तुलार धाम के नाम से जाना जाता है, इन दिनों श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह गुफा तीन जिलों की सरहद पर स्थित है और वर्षों पुरानी ऐतिहासिक मान्यताओं से जुड़ी हुई है।

तुलार धाम में भगवान भोलेनाथ का प्राचीन शिवलिंग स्थापित है।

■ तुलार बाबा की यह यात्रा किसी भी मायने में अमरनाथ यात्रा से कम नहीं मानी जाती

इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वर्ष के बारहों महीने चट्टानों से पानी रिसकर सीधे शिवलिंग पर गिरता रहता है। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि स्वयं प्रकृति भगवान भोलेनाथ का 12 महीने जलाभिषेक करती है। यहां साल में केवल एक बार, महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर मिलता है। इस दौरान विशाल मेले का आयोजन होता है, जिसमें दूर-दराज के गांवों और जिलों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। आपको बता



दे कि तुलार गुफा बीजापुर और दंतेवाड़ा के सरहदीय क्षेत्र सातधार से लगा हुआ है जो बीजापुर क्षेत्र में आता है। तुलार बाबा की यह यात्रा किसी भी मायने में अमरनाथ यात्रा से कम नहीं मानी जाती। श्रद्धालु कठिन रास्तों से पैदल और बाइक यात्रा कर यहां पहुंचते हैं। घने जंगलों, नदी-नालों और पहाड़ी रास्तों को पार कर भक्त बाबा के दरबार में पहुंचते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक आस्था का अद्भुत संगम तुलार धाम को विशेष पहचान देता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां का वातावरण पूरी तरह भक्ति और उत्साह से भर उठता है।

बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा महाशिवरात्रि में तुलार गुफा अत्यंत प्राचीन और ऐतिहासिक गुफा है, जो एक प्रमुख पर्यटन स्थल भी है। रास्ताः बारसूर के पास 'सातधार' नामक स्थान से इस गुफा तक पहुँचने का मार्ग है। वहां से बोधघाट गाँव होते हुए लगभग 15 किमी अंदर जाना पड़ता है। वर्तमान में पक्की सड़क न होने के कारण यहाँ का अधिकांश सफर पैदल तय करना होता है। इंद्रावती नदी और गुदरा नाला का संगम इस मार्ग को और भी मनोरम बनाता है। शिवरात्रि का अवसर शिवरात्रि पर यहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं।

इस वर्ष क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों के कम होने से और भी अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कई सड़कें स्वीकृत हैं, जिनका काम शुरू हो चुका है। कई गांवों में अभी बिजली नहीं पहुंची है, जिसके लिए सर्वे हो चुका है और राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जल जीवन मिशन के तहत पानी की सुविधा उपलब्ध कराने का काम भी तेज़ी से किया जाएगा। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और पुलों पर कलाकृतियों के माध्यम से इस स्थल को प्रमोट किया जा रहा है। ग्रामीणों के सहयोग से पहुंच मार्गों की मरम्मत भी कराई जा रही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया मातृ पितृ पूजन दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भैया बहनों ने आरती सजाकर अपने माता-पिता की चरण वंदना की तथा चंदन, कुमकुम, अक्षत पुष्प माला पहनकर आरती की व मिष्ठान खिला कर आशीर्वाद लिया। उपस्थित अभिभावकों ने कहा यह परंपरा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में ही देखने को मिलता है।

आचार्य दीदियों ने बच्चों को माता-पिता के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है हरि अनंत हरि कथा अनंता यदि समुद्र को स्याही बना लें और धरती को कागज बना लें तो भी माता-पिता और गुरु का वर्णन नहीं लिखा जा सकता भैया बहनों ने अपने आचार्यो दीदीयों का तिलक वंदन आरती कर आशीर्वाद लिए माता-पिता और गुरु की आरती करने के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजना के तहत स्वावलंबन भारत विषय पर राहुल मांझी दंतेवाड़ा जिला प्रभारी द्वारा बच्चों को आत्मनिर्भर बनने के गुण सिखाए गए। उन्होंने कहा कि हमारा पढ़ने का उद्देश्य नौकरी करना नहीं होना चाहिए। जिस क्षेत्र में हमारी रुचि है उसके अनुसार स्वरोजगार करके स्वावलंबन की भावना को मजबूत करना चाहिए। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना विदेशी वस्तुओं का उपयोग नहीं करना चाहिए।

हम अपने देश में उत्पादित वस्तुओं का उपयोग करेंगे तो हमारे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी ठीक उसी तरह हम स्वयं अपने घर को आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए आधुनिक ढंग से कृषि करना, लघु एवं कुटीर उद्योग का परिवार के माध्यम से संचालन करना और लोगों को रोजगार देना चाहिए।

# 14 फरवरी जवानों के शौर्य और बलिदान का प्रतीक : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों ने आज पुलवामा शहीद स्मृति दिवस मनाया।

इस अवसर पर कमांडेंट हरविन्दर सिंह ने शहीद जवानों को

■ जवानों ने पुलवामा में शहीदों को किया याद

स्मरण करते हुए बताया कि यह दिन जवानों के शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। आज के दिन ही 2019 में कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के 40 जांबाज साथियों ने भारत माता की रक्षा करते हुए अपने प्राणों



की आहुति दी थी। सीआरपीएफ का इतिहास गौरवशाली रहा है और पुलवामा की इस घटना ने देश की सुरक्षा के प्रति संकल्प को और भी मजबूत किया है।

बटालियन के अधिकारी एवं जवान उन वीर आत्माओं के प्रति सम्मान में अपनी संवेदना व्यक्त की तथा उनके अदम्य साहस एवं बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करने के साथ ही उन परिवारों को भी इस अवसर पर सलाम करता है। जिन्होंने अपने कलेजे के टुकड़े को इस देश के नाम पर कर दिया। इस अवसर पर यह संकल्प भी लिया गया कि हम सभी देश की सुरक्षा के प्रति पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेगें। शहीदों का यह बलिदान सदैव जवानों को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, निरंजन कुमार निराला, उप कमांडेंट, प्रमोद कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट, विनोद कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# स्वस्थ जीवन शैली के लिए ग्रामीणों को दिया गया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कोंटा ब्लॉक के अनेक वनांचल क्षेत्रों में सेवा दे रही सीआरपीएफ 50वीं वाहिनी ने आज चिकित्सा शिविर व सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित की। इस कार्यक्रम का लाभ वनांचल क्षेत्र के गांव एलारमडगू, मोसलमडगू एवं बोदराजपदर के ग्रामीणों ने लिया। सीआरपीएफ महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ सेक्टर केरिपुबल एवमं राजेश पाण्डेय उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज कोंटा के

■ चिकित्सा शिविर के साथ सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित

दिशानिर्देशन तथा कमांडेंट प्रेमजीत कुमार के मार्गदर्शन में ई 50वीं वाहिनी ने गरीब आदिवासी ग्रामीणों को साड़ी, छाता, सोलर लाईट, कम्बल, खेल सामग्री क्रिकेट किट, वॉलिवॉल, वॉलिबॉल नेट, फुटवॉल, घरेलु उपयोग की आवश्यक वस्तुएं मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी तथा स्वच्छता संबंधी उपकरणों का वितरण किया।

वहीं ग्रामीणों का चिकित्सकीय परीक्षण डॉ. नितेश कुमार चिकित्सा अधिकारी 50वीं वाहिनी द्वारा किया गया और सर्दी-जुकाम, बुखार, त्वचा संबंधी रोग, जोडों के दर्द सहित अन्य समान्य बीमारियों का उपचार किया गया तथा आवश्यक दवाइयो का वितरण किया गया। साथ ही डॉ. नितेश कुमार चिकित्सा




अधिकारी 50वीं वाहिनी द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता, मौसमी बीमारियों से बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने संबंधी आवश्यक परामर्श भी ग्रामीणों को दी। इस सिविक एक्शन कार्यक्रम एवं चिकित्सा शिविर से एलारमडगू, मोसलमडगू एवं बोदराजपदर क्षेत्र के लगभग 300 नागरिक लाभान्वित हुए। इस अवसर पर ग्रामीणों के लिए स्नेह भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बटालियन के अधीनस्थ द्वितीय कमान अधिकारी परिचालन नीरज कुमार एवं सुरेश कुमार सहायक कमांडेंट एवं जवानों की सक्रिय उपस्थिति रही तथा स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर लाभ लिया।

# भोपालपटनम में गूंजा स्वस्थ पंचायत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में विकासखंड भोपालपटनम में विकासखंड स्तरीय स्वस्थ पंचायत सम्मेलन का भव्य एवं सुनियोजित आयोजन जनपद पंचायत भोपालपटनम के सामुदायिक भवन में किया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड अंतर्गत ग्रामों की स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत स्वास्थ्य और पोषण विषयक जनजागरूकता रैली से हुई, जिसमें बैनरों और नारों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण के प्रति जागरूक किया गया। रैली के पश्चात आयोजित मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी आमजन को दी तथा योजनाओं का लाभ लेने हेतु आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली क्षेत्रीय मितानीन दीदियों तथा मोबाइल एकेडमी के अंतर्गत अपना कोर्स पूर्ण करने वाली मितानीनों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# बस्तर की बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर के खो-खो में लहराया बस्तर का झंडा

## शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की महिला टीम का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एआईयू (भारतीय विश्वविद्यालय का संघ) के तत्वावधान में फकीर मोहन विश्वविद्यालय,बालेश्वर (उड़ीसा) में 10 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो महिला प्रतियोगिता में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक सफलता हासिल की। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सात राज्यों के 37 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया,जिससे मुकाबला अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक और चुनौतीपूर्ण रहा।

प्रतियोगिता के नॉकआउट दौर में विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल,मजबूत टीमवर्क और अदम्य साहस का परिचय देते हुए कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों को पराजित किया। टीम ने जादवपुर विश्वविद्यालय (पश्चिम बंगाल), सीएसटी यूनिवर्सिटी, भिलाई,मां मानिकेश्वरी विश्वविद्यालय भवानीपटना तथा द यूनिवर्सिटी ऑफ बर्धमान जैसी मजबूत टीमों का सामना करते हुए उल्लेखनीय जीत दर्ज की और अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया।

इस शानदार उपलब्धि के साथ शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की महिला टीम ने पहली बार एआईयू के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो महिला प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर विश्वविद्यालय के इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय,मुंबई द्वारा की जाएगी,जिसमें देशभर की उत्कृष्ट टीमें हिस्सा लेंगी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित समस्त विश्वविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सफलता न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे बस्तर अंचल के लिए गौरव का विषय है और आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।




### खेल प्रतिभा को मिला नया आयाम

इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि बस्तर क्षेत्र की महिला खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की क्षमता रखती हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है,जिससे स्थानीय खेल प्रतिभाओं को नई प्रेरणा और प्रोत्साहन मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### पुलवामा के शहीद वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को सिरहासार के समीप शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि दी। दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रामशंकर राव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, सुषमा सुता, अमरनाथ सिंह,वेंकट राव, राजेंद्र पटवा, रोजविन दास, निकेत राज झा, विशाल खंबारी, कमलेश पाठक, ललिता राव, नीतीश शर्मा, एस नीला, कमला भत्तरा,मनोज मंडावी, मोहसिन खान, हंसु नाग,देवांश दास, खीरेंद्र यादव, समीर कुमार मौजूद रहे।

### बाउंड्रीवॉल से नाली सफाई में होगी परेशानी



**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भगत सिंह वार्ड में लालबाग स्थित पी टी एस घेरा के बाउंड्री वॉल बनाने से बगल से गई पुरानी नाली की सफाई कराने में परेशानी होगी। जिसे लेकर पी टी एस के अधिकारियों से बाउंड्री वॉल नाली से लगभग 4 फुट दूरी पर बनाने का आग्रह किया गया। परंतु पी टी एस के अधिकारी इसे नजर अंदाज कर जबरन बाउंड्री वॉल बनाने की बात कर रहे हैं। जिससे वार्ड वासियों को नाली सफाई में परेशानी होगी।

## चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र को विधायक ने दी सौगात

# 852 लाख के जल संसाधन कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




विधायक विनायक गोयल के मुख्य आतिथ्य में आज लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक में जल संसाधन विभाग द्वारा 851.94 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, पार्टी के लोग एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत चित्रकोट में तालाब बांध एवं नहर मरम्मत कार्य हेतु 240.61 लाख, ग्राम पंचायत मांदर में एनीकट निर्माण कार्य हेतु 385.60 लाख तथा ग्राम पंचायत एरमुर में स्टाफ डेम निर्माण कार्य हेतु 225.73 लाख के कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस प्रकार कुल 851.94 लाख रुपए की लागत से क्षेत्र में जल संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ।

■ राज्य सरकार की मंशा है कि हर खेत तक पानी पहुंचे और किसान आत्मनिर्भर बनें

विधायक ने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के किसानों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और जल संरक्षण उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से किसानों को वर्षभर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, भू-जल स्तर में सुधार होगा तथा खेती-किसानी को मजबूती मिलेगी। साथ ही पशुपालन एवं अन्य आजीविका गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि हर खेत तक पानी पहुंचे और किसान आत्मनिर्भर बनें।

उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक एवं जल संसाधन विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, मंगतुराम कश्यप, नरसिंह ठाकुर, सावेन्द्र सेठिया, भरत कश्यप, उमेन्द्र ठाकुर, विनय मौर्य, गुड्डु राम, सुदरू सेठिया, लखन ठाकुर, धर्नी राम बघेल, रैतुराम कश्यप, ईश्वर बघेल, गल्लोबाई बघेल, बुटकी बाई, सोनमती मौर्य, सोनसाय सहित उपस्थित रहे।

### जल ही जीवन का आधार

विधायक ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। तालाब, एनीकट और स्टाफ डेम जैसी संरचनाएं न केवल सिंचाई के लिए उपयोगी हैं, बल्कि वर्षा जल संचयन और पर्यावरण संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र लाभ मिल सके।

### दलहन, तिलहन और सब्जी उत्पादन को बढ़ावा

विधायक ने कहा कि चित्रकोट क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है, लेकिन सिंचाई सुविधाओं के अभाव में किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब इन कार्यों के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचेगा, जिससे धान के साथ-साथ दलहन, तिलहन और सब्जी उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

## पुलवामा हमले के शहीदों को याद कर सीआरपीएफ ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की शहादत को याद करते हुए शनिवार को सीआरपीएफ कैंप में श्रद्धाजंलि दी गई। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में कमाण्डेंड समेत 2 सौ जवानों ने रक्तदान किया।

■ ब्लड डोनेशन कैंप में कमाण्डेंट समेत 2 सौ जवानों ने किया रक्तदान

गौरतलब है कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की काफिले में पाकिस्तानी उग्रवादियों द्वारा आईडी लगाकर हमला किया था जिसमें 40 वीर जवान शहीद हुए थे। इस कारण इस दिन को आतंकी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों की याद में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) हर वर्ष 14 फरवरी को काला दिवस के रूप में मनाते है। सीआरपीएफ के जवान और अधिकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनकी शहादत को याद करते हैं। शनिवार को भी सीआरपीएफ ने पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक समारोह का आयोजन किया था। इस समारोह में सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों और जवानों ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी शहादत को याद किया।

सीआरपीएफ डीआईजी कोंटा रेंज राजेश पाण्डे ने बताया कि इस घटना में गहरी चोट के कारण रक्तपात होकर जवान वीर गति प्राप्त किए थे। इसलिए आज का दिन डीआईजी कोंटा रेंज के दिशा निर्देश के तहत 228 बटालियन कैंप फंदीगुड़ा कोण्टा में कमांडेंट 228 के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। रक्तदान शिविर में डीआईजी कोंटा रेंज राजेश पांडे के अलावा दीपक कुमार श्रीवास्तव कमांडेंट 212 बटालियन, लतीफ साहू कमांडेंट 228 बटालियन, दिनेश कुमार सेकंड इन कमांडेंट, 212 बटालियन गौरव शर्मा डिप्टी कमांडेंट 212 बटालियन व जवानों ने रक्तदान किया। इस ब्लड डोनेशन कैंप में कुल 2 सौ अधिकारियों और जवानों ने जरूरतमदों के लिए रक्तदान किया।

## 11 साल सेवा, 3 माह से वेतन बंद क्रेडा कर्मियों का फूटा आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर/जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अंतर्गत कलेक्टर दर पर कार्यरत क्लस्टर टेक्नीशियनों ने बीजापुर में श्रम विभाग को सामूहिक शिकायत सौंपते हुए तीन माह से वेतन नहीं मिलने का गंभीर आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले लगभग 11 वर्षों से जिले में सोलर सिस्टमों का संचालन-संरक्षण पूरी जिम्मेदारी से कर रहे हैं,लेकिन बीते कुछ वर्षों से उन्हें नियमित भुगतान के बजाय 2-3 माह में आंशिक राशि दी जाती है और बाद में नए नियम लागू कर कटौती का दबाव बनाया जाता है। कर्मचारियों का कहना है कि काम पूरा होने के बाद नियम बदलना और भुगतान रोकना उन्हें आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान कर रहा है। शिकायत में कहा गया है कि जिले में कई सोलर सिस्टम लंबे समय से बंद पड़े हैं जिसकी जानकारी बार-बार दी गई,लेकिन सामग्री और तकनीकी सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बावजूद कार्य बाधित होने का आरोप कर्मचारियों पर लगाकर वेतन काटने की चेतावनी दी जाती है।

अन्य जिलों में बिना कटौती भुगतान होने का उदाहरण देते हुए कर्मचारियों ने समान व्यवहार की मांग की है तथा लंबित वेतन तत्काल जारी करने की गुहार लगाई है। इस पूरे मामले में जब हम क्रेडा के डीआइ संदीप बंजारे के मोबाइल से सम्पर्क कर उनका पक्ष लेने का प्रयास किया तो उनके द्वारा कोई रेस्पॉन्स नही मिलने से विभाग का पक्ष नही मिल पाया।

## देरी के चलते रेल परियोजना की लागत कई गुना बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के दल ने ईस्ट कोस्ट रेलवे जीएम परमेश्वर फुंकवाल से मुलाकात कर बस्तर में रेलवे सुविधाओं एवं सेवाओं के विस्तारीकरण स्वीकृत परियोजना में हो रहे विलंब के साथ अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्हें 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

■ बस्तर अधिकार मोर्चा ने सौंपा 13 सूत्रीय मांग पत्र

उन्होंने कहा कि सन 1960 में 55 करोड रुपए की लागत से जापान की तकनीकी सहायता प्राप्त कर किरंदुल से विशाखापट्टनम तक बिछी हुई यह रेलवे लाइन छत्तीसगढ़ सहित संपूर्ण देश-विदेश के औद्योगिक जगत में कच्चा लोहा परिवहन कर आर्थिक उन्नति में एक बड़ा योगदान अदा करता है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में इस रेलवे लाइन ने 2252 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई, किरंदुल से कच्चा लोहा ढुलाई से प्राप्त किया है। जो मंडल की कुल आय का 25 प्रतिशत से अधिक है। वर्ष 24 -25 में 259.25 मिलियन टन से अधिक माल ढुलाई का रिकॉर्ड बनाया गया है जिसका वित्त विवरण अभी आना बचा है।

नवनीत ने कहा कि बस्तरवासियों सहित पूरे देश के लोगों को यह विश्वास है कि मंडल रेल प्रबंधक विशाखापट्टनम और मंडल रेल प्रबंधक रायगढ़ के संयुक्त नेतृत्व में यह किरंदुल विशाखापट्टनम रेलवे लाइन कच्चा लोहा ढलाई में अपने अब तक के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ेगा।

### फुटकर व्यापारियों को सुविधाएं देने में नाकाम निगम : पटवा

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस व्यापारी प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष राजेंद्र पटवा ने फुटकर व्यापारियों से अधिक राशि वसूलने का आरोप नगर निगम प्रशासन पर लगाया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा धंधा करने वाले स्थान पर फुट वर्ग के हिसाब से ज्यादा पैसा देना होगा। फुटकर व्यापारी अपनी दैनिक आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं, अधिक राशि लेने से परेशान हैं। छोटे व्यापारियों के लिए अनावश्यक आर्थिक बोझ पैदा कर दिया गया है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। वहीं बेरोजगार युवा अपने रोजगार हेतु अगर कोई कार्य कर रहे हैं तो सरकार उनसे ही अत्यधिक राशि वसूलने का कार्य कर रही है।

## लंबे समय से लंबित कार्य होंगे पूरे, 764.60 लाख से कई वार्ड में होंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर पालिक निगम के 48 वार्डों में अधोसंरचना विकास को गति देने 764.60 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि से विभिन्न वार्डों में आरसीसी नाली निर्माण, सीसी सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण, डामरीकरण, पेवर ब्लॉक कार्य, सीसी शोल्डर निर्माण, आरसीसी पुलिया निर्माण, शेड एवं एप्रोच मार्ग निर्माण, सुरक्षा दीवार तथा सामुदायिक भवन जैसे कार्य किए जाएंगे। निगम क्षेत्र में जलभराव, आवागमन में असुविधा एवं सामुदायिक आयोजनों हेतु उपयुक्त स्थान की कमी जैसी समस्याएं सामने आ रही थी। स्वीकृत राशि से प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने पर इन समस्याओं में कमी आएगी तथा शहर की आधारभूत संरचना और अधिक सुदृढ़ होगी। महापौर संजय पांडे ने स्वीकृति के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव एवं सांसद महेश कश्यप का आभार व्यक्त किया है।

## महाशिवरात्रि में गूंजेगा ॐ नमः शिवाय शिवालयों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर सहित बस्तर अंचल में कल महाशिवरात्रि का महापर्व गहरी आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। रविवार को सुबह से ही सभी शिवालयों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी और हर-हर महादेव व ॐ नमः शिवाय के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। विशेष रूप से शहर के प्राचीन महादेव घाट स्थित महादेव मंदिर में हजारों भक्त भगवान भोलेनाथ का जल, दूध और पंचामृत से अभिषेक करेंगे।

इसके अलावा सीताराम शिवालय, झाड़ेश्वर महादेव मंदिर, लालबाग शिव मंदिर, कलचा रामपाल मंदिर, कुम्हारपारा ओंकारेश्वर मंदिर, खमारगांव शिव मंदिर, चपका महादेव मंदिर, बस्तर नगर पंचायत का 11वीं सदी का शिव मंदिर, चित्रकोट महादेव मंदिर, हाट कचोरा पुल के समीप स्वयंभू महादेव तथा देवड़ा झाड़ेश्वर मंदिर सहित सीमावर्ती प्रसिद्ध गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में दिनभर पूजा-अर्चना चलेगी। श्रद्धालु धतूरा, बेलपत्र, दूध, दही, घी, शक्कर और गुड़ से पंचामृत अभिषेक कर परिवार, क्षेत्र और देश की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। महाशिवरात्रि पर भक्त उपवास रखकर दिनभर भगवान शिव की आराधना करेंगे तथा शाम से रात्रि जागरण, भजन-कीर्तन और ध्यान में लीन रहेंगे। पूरे बस्तर में मंदिरों की सजावट, दीप सज्जा और रुद्राभिषेक के आयोजन से धार्मिक वातावरण चरम पर रहेगा।



### लक्ष्मीनारायण मंदिर में 108 पार्थिवलिंग अभिषेक

शहर के लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर के पूर्व दिशा में स्थित स्वयंभू भूतेश्वर महादेव मंदिर में प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी 108 पार्थिवलिंग अभिषेक आयोजित होगा, जिसमें नगर सहित अन्य जिलों व प्रांतों से आए श्रद्धालु पूरे परिवार के साथ सम्मिलित होकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक करेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु कांकेर एवं जगदलपुर जिलों में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 14 फरवरी से 17 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
90983 24969
91318 93124
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर